# ई.आर.सी.पी. मामले में समझौता, ऐतिहासिक निर्णय : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) में राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकारों में पानी के बंटवारे के समझौते के बाद इस योजना का मसौदा

> ■ 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था जो वादा उसे पूरा किया, मोदी गारंटी पर जनता को भरोसा'

तय होने से एक स्वर्णिम युग का उदय और सर्वांगीण विकास होगा। इस कार्य के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल , प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद दोनो सरकारों के बीच समझौता और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ। चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। यही कारण है कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इस समझौते से 20 वर्षों से चल रहे विवाद का खात्मा हुआ। संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (ई.आर.सी.पी.) मध्यप्रदेश एवं राजस्थान दोनों राज्यों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि नदियों के पानी का सदुपयोग करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। ईआरसीपी में पानी के बंटवारे को लेकर समझौता होने से दोनों राज्यों के 26 जिलों को लाभ मिलेगा। प्रदेश में 13 जिलों के लगभग 25 लाख किसान परिवारों को सिंचाई जल मिलेगा। इस योजना से राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जल्दी ही राज्य में 2.80 लाख हैक्टेयर भूमि में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा, साथ ही भूजल स्तर भी बढ़ेगा। ईआरसीपी के तहत आने वाले क्षेत्रों में औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और कृषि उत्पादन में वृद्धि होने से किसानों की आय भी बढेगी।

इस मौके पर डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पूर्व गहलोत सरकार के वक्त तत्कालीन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ को प्रोजेक्ट के लिए पत्र लिखा था। लेकिन उन्होंने राजस्थान को पानी देने से मना कर दिया था। राष्ट्रीय स्तर की परियोजना के लिए 75 फीसदी डिपेंडेबिलिटी होनी जरूरी होती है लेकिन राजस्थान की पूर्व सरकार ने इस योग्यता को पूरा ना करके प्रोजेक्ट को अटकाए रखा। प्रोजेक्ट से राजस्थान को जितना पानी मिलना था, उतना ही पानी मिलेगा। यह किसानों का भाग्य खोलने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया है। अब राष्ट्रीय परियोजना में 90 फीसदी परियोजना का पैसा केंद्र सरकार और राजस्थान को केवल 10 फीसदी पैसा ही प्रोजेक्ट पर खर्च करना होगा। कांग्रेस ने अपनी सरकार के वक्त इस प्रोजेक्ट को लेकर गुमराह किया, लेकिन जनता उन्हें पहचान गई। उन्होंने कहा कि क्योंकि प्रोजेक्ट से अनेक बांध जुड़ेंगे और नए बनेंगे। ऐसे में प्रोजेक्ट को पूरा होने में समय लगेगा। उन्होंने कहा कि दौसा में कुल 13 बांध है जिनमें से पूर्व सरकार के वक्त केवल एक बांध मोरन को इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया था अब रिवाइज्ड डीपीआर में सभी 13 बांध इसे जोड़े जाएंगे।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा प्रेस से रूबरू हुए।

## 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में वृद्धि के लिए केन्द्र को लिखा पत्र'

**जयपुर, (वि.सं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29 दिसम्बर को केंद्रीय खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर वर्ष 2011 की जनगणना के बाद प्रदेश में बढ़ी हुई आबादी के अनुरूप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के दायरे में आने वाले परिवारों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का आग्रह किया है।

मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। गोदारा ने कहा कि जब आंकडे नई जनसंख्या के अनुसार प्रकाशित किये जाएंगे।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सोमवार को विधानसभा में श्री गोधाम महातीर्थ पथमेडा के प्रतिनिधि मण्डल ने मुलाकात की। देवनानी को प्रतिनिधि दल ने श्री गोधाम पथमेडा का स्मृति चिन्ह, साहित्य और प्रसादी भेंट कर उन्हें पथमेड़ा आने के लिए निमन्त्रण भी दिया। इस अवसर पर विधायक आहोर छगन सिंह राजपुरोहित, गोविन्द, विटठ्ल, अर्जुन और रघुनाथ सिंह मौजूद थे।

## आपसी कहासुनी में पत्नी की हत्या, पति को आजीवन कारावास

**जयपुर, (का.सं.)।** सत्र न्यायालय, महानगर द्वितीय ने आपसी कहासुनी में पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त रामसिंह रावत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 64 साल के इस अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त की अपनी पत्नी की हत्या करने से पति-पत्नी का रिश्ता तार-तार हुआ है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संत कुमार ने अदालत को बताया की घटना को लेकर 10 दिसंबर, 2022 को सुरेश सिंह ने वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसने अपने मकान का एक कमरा रामसिंह व उसकी पत्नी को दे रखा है। शाम के वक्त उसके दूसरे किराएदार का फोन आया कि रामसिंह के कमरे से बदबू आ रही है। पुलिस की मौजूदगी में कमरा खोलने पर अंदर रामसिंह की पत्नी मृत पड़ी थी। पुलिस जांच में पता चला कि रामसिंह और उसकी पत्नी के बीच 28 नवंबर, 2022 की रात झगडा हुआ था। इस दौरान रामसिंह ने शराब के नशे में चुन्नी से गला घोटकर पत्नी की हत्या कर दी और कमरा बंद कर फरार हो गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया की अभियुक्त और उसकी पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात पर झगड़ा होता रहता था।

## नहीं चलेगा मिलाजुली का खेल : डोटासरा

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में प्रश्नकाल में पांचवां प्रश्न उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के विभाग से जुड़ा था। दिया कुमारी दो दिन की छुट्टी पर होने की वजह से सदन में नहीं थी। उधर, विधायक गोविंद प्रसाद भी सदन में नहीं थे। जिसकी वजह से अगला प्रश्न लिया गया। कुछ देर बार कांग्रेस विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि मिलीजुली का खेल नहीं चलेगा। भाजपा के विधायक का सवाल था और सार्वजनिक निर्माण मंत्री नहीं आई तो विधायक को भी बाहर भेज दिया गया। इसे लेकर हंगामा हुआ।

## स्क्वाड्रन लीडर निकिता मल्होत्रा वायु सेना पदक से सम्मानित

**जयपुर, (का.सं.)।** भारतीय वायु सेना की स्क्वाड्रन लीडर निकिता मल्होत्रा को 75वें गणतंत्र दिवस पर वीरता के लिए वायु सेना पदक से सम्मानित किया गया।

जयपुर निवासी निकिता मल्होत्रा को यह सम्मान उनको असम्य साहस और कौशल का प्रदर्शन कर एक सॉर्टी के दौरान विमान को बिना क्षतिग्रस्त किए, समस्त कर्मी दल की जान बचा कर सफलतापूर्वक बेली लैंडिंग करवाने के लिए दिया गया है, जिसके लिए भारतीय वायु सेना उनकी कृतज्ञ है। वह शुक्रवार को कार्तव्य पथ पर फ्लाईपास्ट के दौरान लड़ाकू विमानों के तांगेल फॉर्मेशन का भी हिस्सा थीं।

वह फॉर्मेशन के एक डोर्नियर विमान का संचालन कर रही थीं जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर शामिल थे।



## सिन्धु दर्शन तीर्थ यात्रियों को सहायता का आग्रह

**जयपुर, (वि.सं.)।** सिन्धु दर्शन यात्रा समिति की केन्द्रीय आयोजन समिति के राष्ट्रीय सदस्य वासुदेव देवनानी ने सोमवार को यहां विधानसभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को एक पत्र सौंपकर सिन्धु दर्शन तीर्थ यात्रियों के लिए राजस्थान सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया है। देवनानी ने मुख्यमंत्री शर्मा से सिन्धु दर्शन तीर्थ यात्रियों के लिए अन्य राज्यों सरकारों की भांति राशि 25000 रुपये का प्रति व्यक्ति को अनुदान दिये जाने का अनुरोध किया है। देवनानी कहा कि इस यात्रा का आयोजन सन 1997 से लगातार किया जा रहा है। भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने इस यात्रा को प्रारम्भ किया था।

## राजभवन में हुआ "परीक्षा पे चर्चा" का लाइव प्रसारण

**जयपुर, (का.सं.)।** सोमवार को राजभवन में "परीक्षा पे चर्चा-2024" कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र राजभवन के महाराणा प्रताप लॉन में विद्यार्थियों के साथ इस जीवंत प्रसार के साक्षी बने।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए परीक्षा में होने वाले तनाव और सफलता की तैयारी पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीवन में यदि प्रतिस्पर्द्धा और चुनौतियां नहीं हो तो जीवन नीरस हो जाएगा। पर प्रतिस्पर्द्धा स्वस्थ हो, द्वेष भाव लिए नहीं हो। उन्होंने परीक्षा को तनाव के बजाय उसे सहजता में लेने और जीवन में संतुलन बनाए रखने का आव्हान किया।



पढ़ने के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने, अनिर्णय से बचने आदि को अपनाते जीवन को उत्सव बनाते परीक्षा में तनाव से मुक्त रहकर उसका सामना करने पर जोर दिया।

## चिकित्सा उपकरण खरीद की होगी जांच : गजेन्द्र सिंह

**जयपुर, (वि.सं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय हुई चिकित्सा उपकरणों की खरीद की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर और फाइल मंगवाकर उनके द्वारा प्रकरण की जानकारी प्राप्त की गई है। इसमें पाया गया है कि पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के हस्ताक्षर से उक्त खरीद की गई थी। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो राज्य सरकार एसीबी से इस प्रकरण की जांच करवाएगी।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सोमवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सदस्यहनुमान बेनीवाल द्वारा अधिक कीमतों पर चिकित्सा उपकरणों की खरीद के सम्बन्ध में उठाये गए विषय पर जवाब दे रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष द्वाराबेनीवाल को उनके द्वारा प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए विषय पर दो मिनट बोलने की अनुमति दी गई थी।

## 'पूर्ववर्ती सरकार के समय हुई ईओआई की होगी समीक्षा'

**जयपुर, (वि.सं.)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि बयाना विधानसभा क्षेत्र के बंध बारेठा पर वॉटर एक्टिविटी आधारित पर्यटन सुविधा के विकास के लिए पूर्ववर्ती सरकार के समय हुई ईओआई की समीक्षा की जाएगी तथा इसमें आवश्यकतानुसार ऐसे प्रावधानों को शामिल किया जाएगा जिससे कि इस प्रक्रिया में उचित प्रतिस्पर्धा के लिए अधिकाधिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकें। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर पर्यटन मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा चिन्हित ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण व विकास के कार्य स्वयं के स्तर पर ही करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एएसआई द्वारा निकट भविष्य में प्रदेश में करवाए जाने वाले

> ■ पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल ने बंध बारेठा पर पर्यटन सुविधा के विकास के मामले में जवाब दिया

कार्यों की जानकारी प्राप्त की जाएगी एवं राज्य सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर संज्ञान में लाए जाने वाले सुझावों को योजनाओं में शामिल किया जाएगा। इससे पहले विधायक डॉ. ऋतु बनावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब दिया।

## आदिवासी परंपराओं से सीख लेने की जरूरत : मिश्र

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आदिवासी प्रकृति पूजक समाज है। उनकी प्रकृति पोषण परंपराओं से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम विविधता में एकता की भारत भूमि को समझने और एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना से साक्षात होने का अवसर है। उन्होंने राजभवन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए युवाओं का स्वागत करते हुए उनसे अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र के विकास में लगाने का भी आव्हान किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 15 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

## प्रश्न का सही जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस का हंगामा

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में कांग्रेस ने फिर हंगामा किया। कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया के प्रश्न पर सही जवाब नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। वेल में आकर नारेबाजी भी की। इसके बाद प्रश्न काल समाप्त हो गया।

सदन की कार्यवाही शांतिपूर्वक प्रश्नकाल के साथ हुई। इसके बाद कई मंत्री प्रश्नों के उत्तर देने में अटके तो अधिकारियों ने पर्ची के माध्यम उत्तर भिजवाया। इस पर कांग्रेस विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल द्वारा मंत्रियों को पर्ची के माध्यम से उत्तर पहुंचाने पर आपत्ति जताई। स्पीकर ने उन्हें बैठाया। इसके बाद रामनिवास गावड़िया के किसानों की वी.सी.आर.भरने के मामले में

> ■ वेल में आकर नारेबाजी, जूली बोले, "पर्ची से चल रही है सरकार"

अधिकारियों द्वारा सही उत्तर नहीं देने पर आपत्ति जताई। मंत्री की ओर से जवाब देते समय हंगामा हुआ तो स्पीकर ने मंत्री को बैठा दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि वीसीआर भरी जा रही है। किसान परेशान हैं, मंत्री को जवाब देना चाहिए। उन्हौंन बिजली पर चर्चा कराने की भी मांग की। इस दौरान कांग्रेस के विधायक वेल में आ गए और हंगामा खड़ा कर दिया। विधायकों ने नारेबाजी भी की। हंगामे के बीच ही अगले प्रश्न चलते रहे और प्रश्नकाल का समय समाप्त हो गया।

## 'नवगठित जिलों के संबंध में नए सिरे से होगा समिति का गठन'

**जयपुर, (वि.सं.)।** राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि जिलों के पुनर्गठन एवं नवीन जिलों के सृजन के लिए गठित की गई उच्चस्तरीय समिति (जिला गठन) को 18 दिसम्बर 2023 को समाप्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस संबंध में विचार-विमर्श के लिए नए सिरे से समिति का गठन किया जाएगा। राजस्व मंत्री सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

इससे पहले विधायक रतन देवासी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब मेंमीणा ने जबाव दिया कि नवीन जिले सांचौर के अधिसूचित होने के बाद उपखण्ड व तहसील रानीवाड़ा को पूर्व की तरह जिला जालोर में रखने के लिए स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र जिला

> ■ राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा ने प्रश्नकाल में रतन देवासी के प्रश्न का जवाब दिया

कलक्टर द्वारा अग्रिम कार्यवाही के लिए राजस्व विभाग को भिजवाये गए थे। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेशों की पालना में राजस्व विभाग द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को गठित उच्च स्तरीय समिति को समाप्त किया जा चुका है। उन्होंने नवगठित जिले सांचौर के संबंध में प्राप्त मांग पत्रों, सीमाओं में किए गए आंशिक परिवर्तन की अधिसूचना एवं उच्च स्तरीय समिति को समाप्त किए जाने संबंधी विवरण को सदन के पटल पर रखा।

# 'राम राज्य की अवधारणा तो महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू ने रखी थी'

## राम नाम को लेकर विधानसभा में पक्ष-प्रतिपक्ष में नोकझोंक

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राम के नाम पर सदन में हंगामा हुआ। बूंदी से कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के बीच तीखी नोंक-झोंक भी हुई, तो पक्ष-प्रतिपक्ष के नेताओं के बीच भी आपसी नोकझोंक देखने को मिली।

बहस के दौरान भाजपा के सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने राम मंदिर पर बोलते हुए कहा कि 500 साल की तपस्या सफल हुई और अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों ने तुष्टीकरण किया इसलिए आप सदन में उसे तरफ चले गए। इसके बाद कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि "आज राम मंदिर और राम राज्य की बात हो रही है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का हम स्वागत करते हैं, लेकिन आपने राम का ट्रेडमार्क अपने नाम करवा लिया है। आप यह मानते हैं कि जब तक पीएम मोदी के भक्त नहीं होंगे, तब तक हम राम के भक्त नहीं होंगे। इस तरह से तो राम का उपयोग मत करो। आजादी की लड़ाई लड़ने वाले महात्मा गांधी और अन्य लोगों ने राम राज्य की अवधारणा रखी थी। संविधान पीठ में गांधी के दर्शन के आधार पर राम राज्य की बात कही गई है। चैप्टर 3 में गांधी दर्शन और राम राज्य के आधार पर समानता के अधिकार की बात कही गई है। संविधान के चैप्टर 3 में भगवान राम के साथ सीता और लक्ष्मण का चित्र उसी समय लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राम राज्य की कल्पना आप नहीं कर रहे हो, आपका तो योगदान ही नहीं था आजादी की लड़ाई में।

> ■ हरिमोहन शर्मा बोले, "राम मंदिर का सभी ने स्वागत किया, लेकिन मोदी भक्त हो तभी राम भक्त माना जाएगा क्या?"
>
> ■ हनुमान बेनीवाल ने कहा, "राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान"


इस दौरान हरिमोहन शर्मा ने भाजपा नेता शाहनवाज खान के एक बयान का हवाला दिया, तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर सभापति वासुदेव देवनानी को दखल देना पड़ा। हरिमोहन शर्मा ने राम मंदिर ट्रस्ट के सचिव के बयान का जिक्र किया तो संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल उठकर बीच में बोलने लगे। उन्होंने कहा कि यह कौनसा विषय है, कौनसा अभिभाषण है।

उन्होंने इसे सदन की कार्यवाही से हटाने की भी मांग की। इसके बाद दोनों पक्षों के सदस्य खड़े होकर बोलने लगे। भीम से सत्ता पक्ष के सदस्य हरिसिंह रावत की एक टिप्पणी पर भी दोनों पक्षों ने हंगामा किया।

इसके बाद बोलते हुए हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि मुख्यमंत्री जब थाने का निरीक्षण करने जाते हैं तो कमिश्नर तो पहुंच जाते हैं लेकिन जयपुर में होने के बावजूद डीजी नहीं पहुंचते।

इसी दौरान हनुमान बेनीवाल ने कहा कि हम तो गांव के लोग हैं, गांव में तो आज भी राम-राम बोला जाता है और सभी लोग बोलते हैं। वही राम मंदिर के श्रेय देने की बात को लेकर हनुमान बेनीवाल ने कहा कि राम मंदिर में योगदान तो कांग्रेस का भी है, क्योंकि उसे समय के कांग्रेस के प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव यदि चादर ओढ़ कर नहीं सोते, तो आप अपना काम कैसे कर लेते। वह उस समय चादर ओढ़ कर सो गए और आप लोगों ने अपना काम कर दिया।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे अभिभाष्य रमेश पुत्र स्व. श्री नाथूलाल, निवासी म.नं. 563, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर के पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु कुसुम एवं इनके पुत्र-पुत्री हमारे अभिभाष्य से विगत 02 वर्षो से अलग निवास कर रहे है तथा उनका व्यवहार मेरे अभिभाष्य से अच्छा नहीं होने, शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने के कारण तथा मेरे अभिभाष्य को लगातार हैरान व परेशान करने व उनके कहने में नहीं होने के कारण मेरे अभिभाष्य ने अपनी स्वअर्जित सम्पत्ति एवं विरासत में मिली सम्पत्ति से उन्हें बेंदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन देन व संव्यवहार की जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य की नहीं होगी। सूचित रहे।
(विमल शर्मा/राजकुमार गोयल) एडवोकेट मोबाईल नं. 9829189390

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्यगण चन्द्रभान सिंह पुत्र भागीरथ सिंह एवं गजेन्द्र कंवर पत्नी श्री चन्द्रभान सिंह, निवासीयान-21, श्री गोविन्द नगर-3, विस्तार, बेनाड रोड, झोटवाडा, जयपुर के पुत्र अरविन्द सिंह व पुत्रवधु नंदु कंवर शेखावत मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है तथा इनका मेरे अभिभाष्यगण के प्रति क्रुरतापूर्ण एवं आक्रमण व्यवहार है। अतः मेरे अभिभाष्यगण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्तियों यदि बेदखल करते है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त लोगों से संयुक्त अथवा पृथक कोई संव्यवहार करता है तो इस हेतु मेरे अभिभाष्यगण का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
जयपुर दिनांक (मनीषी कुमारी) एडवोकेट मो. 8696510081

**सूचना बाबत बेदखल**
मोहम्मद अली पुत्र श्री अमजद अली, नि. म.नं. 66 शनिचर के नाले के पास ईदगाह, बास बदनपुरा, जयपुर जरिये अधिवक्ता सूचना बाबत बेदखल मेरे पुत्र साबिर आयु 28 वर्ष, दुसरा पुत्र बाबु आयु 20 वर्ष को मेरे मकान व मेरी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, इनसे अब मेरा कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन नहीं है तथा वह अब स्वयं जिम्मेदार है।
जरिये अधिवक्ता (अरविन्द माथुर) एडवोकेट मो. 9829179434, 7296988523

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 30/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती मुस्कान परवानी पत्नि श्री ललित कुमार निवासी 146 फ्रंटियर कॉलोनी आदर्श नगर जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत द लर्निंग पार्क, 146 फ्रंटियर कॉलोनी आदर्श नगर जयपुर (राजस्थान) के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 04.04.2024
मोहर अदालत
आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सत्येन्दु पलोड शैलेन्द्र पलोड से बदलकर सत्येन्दु पलोड पत्नि शैलेन्द्र पलोड रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी-27-ए, कृष्णा नगर, तीन दुकान के पास, सीकर रोड, डेहर का बालाजी, जयपुर

मैं सिया आलवानी पत्नी श्री तरूण आलवानी निवासी 548 सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम कंचन मानवानी से बदलकर सिया आलवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे सिया आलवानी के नाम से जाना जायें।

मैंने अपना नाम जौहरी सोढानी से बदलकर जौहरी लाल सोढानी पुत्र श्री घासी लाल सोढानी रख लिया है। भविष्य में मुझे जौहरी लाल सोढानी के नाम से ही जाना जावें। पता- फ्लैट नं. 5एबी, 5वां फ्लोर, रेवांता, एसबी-166, बापूनगर, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
( नाम, वर्णन तथा आवास स्थान )
मुकदमा नम्बर 303/2023
चूंकि श्री रोहित रावत पुत्र स्व. श्री कृष्ण अवतार रावत, निवासी 3/346, बियानी गर्ल्स कॉलेज के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17( 1 ) के अन्तर्गत मोहन लाल कृष्णा अवतार रावत मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ( बोबास वाले ), 3/346, बियानी गर्ल्स कॉलेज के पास, न्यू विद्याधर नगर, जयपुर-302039 के सम्बन्ध में अग्रिम जॉच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा ( 2 ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जॉच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियॉ, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जॉच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।
आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20.02.2024
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**खुली ई-निविदा सूचना**
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1 निविदा संख्या/कार्य का नाम : निविदा सं. ई-जेपी-2023-24-114** सहायक मण्डल इंजी० फुलेरा उप मण्डल पर अनुभाग अभियन्ता - (कार्य) फुलेरा के कार्य क्षेत्र जोन नं. 8 ए के अन्तर्गत फुलेरा स्टेशन व फुलेरा से हिरनोदा (छोड़कर) व फुलेरा से रेनवाल एवं फुलेरा से मदार (छोडकर) मे स्थित सर्विस बिल्डिंग ईत्यादि मे (स्टाफ क्वार्टरो को छोडकर) किसी भी प्रकार का रोड कार्य, सेनेटरी कार्यों, सभी प्रकार के रिपेयर कार्य एवं भूमि पर वृक्षारोपण पौधे लगाना और बगीचो का विकास करना तथा उनका रखरखाव करने इत्यादि का कार्य सीपीडब्लूडी डीएसआर के अनुसार जोन नं. 8ए 2023-24 के लियें जोन कार्य (अवधि 30.06.24 तक) **अनुमानित लागतः** 14988277.50 **बिड प्रतिभूति राशि :** 225000/- **क्र.सं. 2 निविदा संख्या/कार्य का नाम : निविदा सं. ई-जेपी-2023-24-115** सहायक मण्डल फुलेरा सब डिवीजन के किशनगढ स्टेशन पर 4 एस्केलेटरए 2 लिफ्ट और पीएफ शेल्टर और प्लेटफार्म कार्य का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** 18107031.79 **बिड प्रतिभूति राशि :** 240500/- **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटिस बोर्ड** - मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2. निविदा संख्या इंजी./जय/2023-24/114 से इंजी./जय/2023-24/115** की बन्द होने की तिथि **20.02.2024** समय **15.30** बजे एवं खुलने की तिथी **20.02.2024** समय **16.00** बजे
111-CQ/24
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

**खोया पाया**

प्रिया विहार विकास समिति, झोटवाडा, जयपुर के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. 690, वर्ष 2014-15 के मूल कागजात एवं रजिस्टर्ड मेंबर की लिस्ट कहीं गुम हो गये हैं। कृपया मिलने पर सूचित करें। राकेश अग्रवाल, 7976624677

मेरे मकान नं. 3/MA/372 इंदिरा गांधी नगर योजना जगतपुरा जयपुर के मूल दस्तावेज जो कविता जेठवानी के नाम से है कहीं खो गये है। मूल दस्तावेज मिलने पर इस नम्बर पर सम्पर्क करें। 9413348860

मैं सुगन कंवर पत्नी भंवर सिंह निवासी चन्दलाई, तह. चाकसू, जयपुर का एक सोसाईटी पट्टा बाब आर.एन. गोड गृह निर्माण सहकारी समिति का भूखण्ड संख्या 63 एरिया 200 वर्गगज आवासीय योजना श्रीमान नगर बिलवा का चन्दलाई से शिवदासपुरा के आस पास कई खो गया। किसी को पट्टा मिले तो संपर्क करें। मुकेश कुमार चौधरी एडवोकेट, मो.नं. 9667851050

मेरे आवास संख्या 31/50/12 का आवंटन पत्र गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। संजीव स्वरूप भटनागर मो. 9829987357

मेरे आवास संख्या 30/43/12 का आवंटन पत्र गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। इन्द्रपाल सिंह मोबाइल 9610955064

वाटिका गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना-वैष्णव फार्म गवार ब्राह्मण की सांगानेर के प्लाट नंबर -41, का सोसाइटी पट्टा, साईट प्लान, रसीद और 2 विक्रय पत्र जयपुर में खो गए है सूचित करें-मंजू देवी मो.8854862800

**fincare** Small Finance Bank
**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**
**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**
The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **05 February 2024 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.
**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**
**DUNGARPUR** - 23660000569258 | **JAIPUR** - 23660000552500 23660000574218 23660000583781 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 23660000615023 23660000618117 23660001014836 23660001565858 23660001652264 | **KOTA** - 23660001672006 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000528116 23660001536643 23660001713311 | **SAGWARA** - 23660000563939 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 23660000040253 23660000126273 23660000791519 |
Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.
Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank